आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 27.02.2025

<u>मुख्य समाचारः—</u>

1— महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि भारत को अपनी विरासत पर गर्व है और वह नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है।

2— विधानसभा में आज गूंजा जल जीवन मिशन में गड़बड़ी का मुद्दा।

3— मुख्यमंत्री की मौजूदगी में आज रायपुर की नव—नियुक्त महापौर मीनल चौबे और सत्तर पार्षदों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।

4— राज्यपाल ने आज विभिन्न जिलों के साठ टी.बी. मरीजों के लिए निःक्षय मित्र बनकर दो लाख पच्चीस हजार रूपए की राशि प्रदान की।

<u>प्रधानमंत्री—महाकुंभ</u>

महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि भारत को अपनी विरासत पर गर्व है और वह नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि यह आधुनिक प्रबंधन पेशेवरों और नीति विशेषज्ञों के लिए अध्ययन का विषय है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कहीं भी इतने बड़े पैमाने का कोई आयोजन नहीं हुआ है। एक ब्लॉग पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि दुनिया ने आश्चर्य से देखा कि किस तरह करोड़ों लोग प्रयागराज में संगम के तट पर एकत्र हुए, जबकि लोगों को कोई औपचारिक निमंत्रण नहीं मिला था। इसके बावजूद करोड़ों लोग अपनी मर्जी से महाकुंभ आए और संगम में पवित्र स्नान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाएं, बुजुर्ग, दिव्यांग समेत सभी लोगों ने संगम तक पहुंचने का रास्ता ढूंढ लिया।

इस बीच, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज प्रयागराज का दौरा किया। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान रेलवे ने सत्रह हजार से अधिक ट्रेनें चलाईं, जिसमें चार करोड़ से अधिक लोगों ने यात्रा की। श्री वैष्णव ने कहा कि महाकुंभ के लिए इक्कीस से अधिक फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए गए।

<u>विधानसभा—बहिर्गमन</u>

राज्य विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान जल जीवन मिशन में गड़बड़ी का मुद्दा गूंजा। कांग्रेस विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कांकेर जिले के चारामा, भानुप्रतापुर और दुर्गुकोंदल विकासखंड में तीन सौ पचपन गांवों में जल जीवन मिशन के तहत टंकी निर्माण और दिए गए नल कनेक्शन में अनियमितता का आरोप लगाते हुए विभागीय मंत्री से सवाल पूछा। जवाब में जल संसाधन मंत्री
अरुण साव ने कहा कि जहां भी गड़बड़ी की शिकायत मिल रही है, वहां कार्रवाई हो रही है। विभागीय मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

वहीं, आज विधायक अजय चंद्राकर, उमेश पटेल और शकुंतला पोर्ते ने ध्यानाकर्षण के जरिए लंबित राजस्व प्रकरणों का मुद्दा उठाया। अजय चंद्राकर ने स्थिति की गंभीरता का जिक्र करते हुए कहा कि भुईंया पोर्टल में लगभग पैंतीस फीसदी डाटा की गलत एंट्री होने से किसानों को परेशानी हो रही है।

जवाब में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि भू—अभिलेख में त्रुटि सुधार का अधिकार एसडीएम और तहसीलदार के पास है। उन्होंने कहा कि भुईंया पोर्टल के जरिये कोई भी व्यक्ति अपनी जमीन से संबंधित जानकारी ऑनलाइन देख सकता है। उन्होंने माना कि राज्य में करीब

डेढ़ लाख राजस्व प्रकरण लंबित हैं। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने संज्ञान लेते हुए विभागीय मंत्री से राजस्व प्रकरणों की स्थिति दुरुस्त करने को कहा।

विधानसभा–धन्यवाद प्रस्ताव

छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट सत्र के तीसरे दिन आज राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई। चर्चा की शुरूआत भारतीय जनता पार्टी के बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने की। इस चर्चा में सत्तापक्ष और विपक्ष के अनेक सदस्यों ने भाग लिया। यह चर्चा कल भी जारी रहेगी।

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी आर्थिक सर्वेक्षण को कल सदन के पटल पर रखेंगे। सोमवार तीन मार्च को बजट प्रस्तुत किया जाएगा।

राजिम कुंभ कल्प/पाली महोत्सव

गरियाबंद जिले में महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के त्रिवेणी संगम पर आयोजित राजिम कुंभ कल्प मेले का कल शाम समापन हो गया है। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम को खाद्य मंत्री दयालदास बघेल और वन मंत्री केदार कश्यप ने भी संबोधित किया।

इस बीच, कोरबा जिले के केराझरिया गांव में कल से दो दिवसीय पाली महोत्सव की शुरूआत हो गई है। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने इस महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद थे।

राज्यपाल–सहायता राशि

राज्यपाल रमेन डेका ने राज्य के धमतरी, राजनांदगांव, गरियाबंद और बस्तर जिलों के साठ टी.बी. मरीजों के लिए निःक्षय मित्र बनकर उनको पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए दो लाख पच्चीस हजार रूपए की राशि प्रदान की है। श्री डेका ने आज यह राशि संबंधित जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को प्रदान की।

वहीं, राज्यपाल ने आज राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में स्वेच्छानुदान मद से रैन बसेरा निर्माण, बीमार वृद्धजनों की देखभाल, दृष्टिहीन बच्चों, दिव्यांगों और वनवासियों के कल्याण के लिए कार्यरत् विभिन्न संस्थाओं को पंद्रह लाख इकतीस हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की।

महापौर/पार्षद–शपथ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में आज रायपुर की नव–नियुक्त महापौर मीनल चौबे और सत्तर पार्षदों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह ने सबसे पहले महापौर और उसके बाद पार्षदों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने की। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री केदार कश्यप, रामविचार नेताम, ओपी चौधरी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नव–निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि वे रायपुर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और समृद्ध शहर बनाने की दिशा में दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करें।

बिलासपुर नगर निगम की नव–निर्वाचित महापौर पूजा विधानी और पार्षद कल शपथ लेंगे।

**युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम**

रायपुर में नेहरू युवा केंद्र तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा चौबीस से अट्ठाईस फरवरी तक युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बस्तर जिले के युवाओं का प्रतिनिधिमंडल हिस्सा लेने पहुंचा है। कार्यक्रम में रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा ने युवाओं से मुलाकात की और उनसे चर्चा करते हुए कहा कि युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम युवा शक्ति के लिए महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम में रायपुर की नव–निर्वाचित महापौर मीनल चौबे भी उपस्थित थी।

युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच सांस्कृतिक आदान–प्रदान को बढ़ावा देना तथा भाषा, खानपान और अन्य गतिविधियों के माध्यम से परस्पर समझ विकसित करना है।

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय–परीक्षा**

प्रदेश में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में आगामी शिक्षण सत्र के तहत कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा दो मार्च को होगी। यह परीक्षा प्रदेश के छब्बीस जिलों में स्थित एक सौ इंक्यावन परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। इसके लिए लगभग बयालीस हजार विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। परीक्षा सुबह दस बजे से दोपहर बारह बजे तक होगी। वर्तमान में प्रदेश में पचहत्तर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित हैं, जिनमें दस कन्या, छह बालक और उनसठ संयुक्त विद्यालय शामिल हैं।

**सरगुजा–लूट**

सरगुजा जिले के नवापारा थाना क्षेत्र में बीती रात तीन नकाबपोश हथियारबंद आरोपी, किराना कारोबारी के घर से पच्चीस लाख रूपये के जेवरात और नगद रकम लूटकर फरार हो गए। जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि आरोपियों ने कारोबारी के परिवार को बंधक बनाकर करीब तीस लाख रूपये लूट की घटना को अंजाम दिया।

**मौसम**

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल अट्ठाईस फरवरी से प्रदेश के एक–दो जिलों में हल्के बादल छाए रह सकते हैं। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि प्रदेश के मध्य और उत्तर भाग में एक मार्च तक तापमान में करीब दो डिग्री सेल्सियस वृद्धि होने की संभावना है।

**संक्षिप्त समाचार**

– सुकमा और कोंटा में बनाए गए कांग्रेस भवन के संदर्भ में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी द्वारा दिए गए नोटिस का जवाब देने के लिए कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू आज रायपुर स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हिंदी फिल्म 'छावा' को राज्य में टैक्स फ्री करने की घोषणा की है।

– इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में ओडीएल में प्रवेश के लिए कल अट्ठाईस फरवरी अंतिम तिथि है।

– बस्तर जिले में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक–एन.क्यू.ए.एस. के तहत उन्नीस स्वास्थ्य केन्द्रों को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता का दर्जा मिला है।

– जांजगीर–चांपा जिले के ग्राम पंचायत जाटा बहेराडीह की नव–निर्वाचित महिला सरपंच भगवती चंद्रकुमार मरकाम की मौत हो गई है। उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें बिलासपुर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका निधन हो गया।

– रायगढ़ जिले में पर्यावरणीय सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में प्रशासन ने चौदह उद्योगों पर करीब साढ़े दस लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

– गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने आज स्कूली बच्चों को दवा खिलाकर फाइलेरिया मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया।

– जांजगीर में ओपन लिंक फाउंडेशन और विनोबा ऐप टीम द्वारा जिला प्रशासन के साथ मिलकर 'शिक्षण उत्सव' का आयोजन किया गया।

– दुबई में आयोजित एशियन बेंच प्रेस एंड डेडलिफ्ट प्रतियोगिता में रायगढ़ जिले के घरघोड़ा क्षेत्र की मेघा भगत ने स्वर्ण पदक जीता है।

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><
><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>